## सार-समाचार

### एसआईआर फॉर्म भरने में की सहायता

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को विभिन्न बूथों पर हेल्प डेस्क स्थापित कीं। इन हेल्प डेस्क का उद्देश्य मतदाताओं को एसआईआर फॉर्म भरने में आ रही परेशानियों को दूर करना था। हेल्प डेस्क के माध्यम से मतदाताओं को आवश्यक दस्तावेजों, पात्रता मानदंडों और फॉर्म भरने की पूरी प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यकर्ताओं ने यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि पात्र नागरिक आसानी से मतदाता सूची में अपना नाम शामिल करा सकें। बूथ संख्या 106, 107 और 111 पर कार्यक्रम के जिला संयोजक विनोद अटल तथा जिला सह मीडिया प्रमुख एवं बीएलए-2 धनेश शर्मा मौजूद रहे। इसी प्रकार, बूथ संख्या 125, 126 और 127 पर शहर मंडल अध्यक्ष मिथलेश व्यास की विशेष उपस्थिति में यह अभियान चलाया गया। कार्यकर्ताओं ने राजस्थान सरकार द्वारा नियुक्त बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के साथ समन्वय स्थापित कर अभियान को सफल बनाने पर जोर दिया। उन्होंने अधिक से अधिक पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए लोगों से सहयोग की अपील भी की। लक्ष्मण सैनी, कमलेश महावर, मंडल उपाध्यक्ष एवं बीएलए-2 विकास सैनी, डॉ. मुकेश व्यास और बीएलए-2 योगेंद्र शर्मा के सहयोग से अब तक लगभग 400 से अधिक फॉर्म सफलतापूर्वक भरे जा चुके हैं। कार्यक्रम के जिला संयोजक विनोद अटल और शहर मंडल अध्यक्ष मिथलेश व्यास ने गंगापुर क्षेत्र के सभी बीएलए-2 से अपने-अपने बूथों पर जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करते हुए अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया।

### कलेक्टर के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा के पदाधिकारियों ने गुरुवार को कलेक्टर के नाम उप जिला कलेक्टर बृजेन्द्र मीणा को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर्स) को मानसिक प्रताड़ना से मुक्त करने और उनके कार्य वातावरण में सुधार की मांग की गई। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा, गंगापुर सिटी के मंत्री दीपक बिजौरिया ने बताया कि संघ ने ज्ञापन में पांच प्रमुख मांगें रखी हैं। इनमें पीईईओ के माध्यम से ही बीएलओ से फोन पर प्रगति रिपोर्ट लेने की व्यवस्था लागू करना शामिल है। अन्य मांगों में एसआईआर कार्य का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित करना और इस कार्य की समय सीमा बढ़ाना शामिल है। संघ ने उच्चाधिकारियों से निरंतर दबाव बनाने के बजाय सहयोगात्मक व्यवहार अपनाने का भी आग्रह किया। ज्ञापन में खंडार के तहसीलदार द्वारा बीएलओ हरिओम बैरवा को फोन पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का भी उल्लेख किया गया है। शिक्षक संघ ने इस प्रकरण की कॉल डिटेल निकलवाने और दोषी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री बजरंग लाल गुर्जर, जिला अध्यक्ष मोहनलाल शर्मा, सभा अध्यक्ष हेमंत शर्मा, उपशाखा अध्यक्ष सतीश घुरइया, उपशाखा मंत्री दीपक बिजोरिया, साजिद जेदी, अरविंद जैन, रामभरोसी शर्मा, लक्ष्मण गुप्ता और केदारलाल शर्मा सहित 20-25 शिक्षक मौजूद थे। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि बीएलओ को अनावश्यक दबाव से राहत नहीं मिली, तो शिक्षक संघ आगामी दिनों में आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

### अमावस्या पर की गो माता की सेवा

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। विश्व की सबसे बड़ी समाजसेवी संस्था लायंस क्लब इंटरनेशनल प्रांत 3233-ई1, के रीजन 11 (धनिष्ठा) के अंतर्गत आयोजित होने वाले आगामी कार्यक्रमों के संदर्भ में 'लायंस क्लब गोल्ड द्वारा आज सुबह बाबा श्याम मंदिर के समीप स्थित नहर रोड पर गोपाल गोशाला में जाकर के गो माताओ के लिए गोभी, ककडी,लोकी,कद्दू भिंडी आदि ताजा सब्जियों को गोशाला के बाड़े में जाकर क्लब के सदस्यों द्वारा सेवन कराया गया। लायंस क्लब गोल्ड का हर सदस्य निस्वार्थ भाव से जरूरतमंदों की सेवा कर समाज में आशा और विश्वास का संचार करता है। कार्यक्रम में रीजन चेयर पर्सन लायन विवेक कुमार मीना ने कहा कि 'प्रत्येक लायंस का हर कदम सामाजिक हित में समाजसेवा को समर्पित है। इस दौरान क्लब एवम रीजन सेक्रेटरी लायन धर्मेन्द्र गुप्ता एडवोकेट, लायंस क्लब गोल्ड के संरक्षक लायन विनोद शर्मा एडवोकेट, क्लब अध्यक्ष लायन अशोक गोयल, जोन चेयरमैन लायन आनंद गोयल, लायन अशोक अग्रवाल फर्नीचर, लायन डॉ राजेश गर्ग, लायन अनिल मालधनी, लायन श्याम सुंदर सोनी और गोपाल गोशाला संचालक पद्मा, रेणु आर्य, लायन वीरेंद्र आर्य और दिनेश जी ने गो माता की सेवा मैं हरि सब्जियों के वितरण में भरपूर सहयोग किया।

### अभिभाषक संघ के नवीन कार्यालय का लोकार्पण

**करौली**, (निसं)। जिला अभिभाषक संघ करौली के नवीन कार्यालय भवन का लोकार्पण विधायक करौली दर्शन सिंह गुर्जर के द्वारा गुरुवार को दोपहर किया गया। जिला अभिभाषक संघ करौली के अध्यक्ष जयेद्र सिंह एडवोकेट ने बताया कि विधायक कोष द्वारा दी गई 15 लाख रुपये की राशि से निर्मित जिला अभिभाषक संघ के नवीन कार्यालय का लोकार्पण विधायक दर्शन सिंह गुर्जर के द्वारा किया गया जिसमें समस्त वार के अधिवक्ताओ द्वारा विधायक का वेंड-बाजों द्वारा स्वागत किया गया उसके पश्चात माला साफा पहनाकर एवं प्रतीक चिह्न भेट कर स्वागत किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने अभिभाषक सभा भवन के सामने खाली जगह में निर्माण हेतु राशि तथा अधिवक्ता कालोनी के लिए राज्य सरकार एवं जिला कलेक्टर से मिलकर जमीन आवंटन कर आवासीय पट्टे दिलाने का आश्वासन दिया एवं बार अध्यक्ष जयेद्र सिंह ने समस्त वार की ओर से आभार व्यक्त किया इस अवसर पर रामजीलाल अठावाल,नगेन्द्र व्यास, महेंद्र मुदगल, लियाकत अली, नितिन शर्मा, नीतेश पाल, हेमराज माली, संतोष सिंह, राजेश भारद्वाज, गोपाल गुप्ता, राजेश शर्मा, नवल किशोर शर्मा, प्रकाश जैन, गजेंद्र शर्मा, संतोष शर्मा, इर्शाद खान, रामस्वरूप बैंसला, राम सहाय मीना, राम गिलास मीना, केशव जेरिया, सुनील दत्त शर्मा, विजेंद्र गोतम सहित सेंकड़ों अधिवक्ता उपस्थित थे।

# 'पर्यावरण संरक्षण में पारंपरिक ज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका'

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। अग्रवाल गर्ल्स कॉलेज में पर्यावरण संरक्षण और मानव जीवन मूल्यों की स्थापना पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार गुरुवार को संपन्न हो गई। सेमिनार का विषय श्पर्यावरण संरक्षणरू चिंतन एवं मंथनश था, जिसमें विशेषज्ञों ने आधुनिक तकनीक के साथ पारंपरिक ज्ञान और सतत विकास पर जोर दिया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि इग्नू जयपुर के सहायक क्षेत्रीय निदेशक राममूर्ति मीणा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में आधुनिक तकनीक के साथ-साथ पारंपरिक ज्ञान की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि हमारी सांस्कृतिक विरासत ने सदियों से प्रकृति को सुरक्षित रखने की सीख दी

- **अग्रवाल कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेमिनार का हुआ समापन**



गंगापुर सिटी में प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथी।

है, और इस दिशा में हमें स्वयं से शुरुआत करनी होगी। सीआईएमटी जयपुर की विभागाध्यक्ष डॉ. शालिनी यादव ने प्रकृति की रक्षा को मानव का मूल धर्म बताया। उन्होंने श्रेष्ठ भविष्य के लिए पारंपरिक तकनीकों की ओर लौटने और सृष्टि को सहेजने का आह्वान किया। राजकीय महाविद्यालय चिमनपुरा की डॉ. माला अग्रवाल ने विकास को विनाश का कारण न बनने देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सतत विकास का अर्थ है संसाधनों का उपयोग भी हो और उन्हें आने वाली पीढ़ियों के लिए भी संरक्षित रखा जाए। राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर की डॉ. अंजना गोयल ने पर्यावरण संबंधी विचारों को जीवन में उतारने के लिए वेदों और शास्त्रों में निहित ज्ञान को अपनाने की बात कही।

राजकीय महाविद्यालय टोडाभीम के प्राचार्य डॉ. चरण सिंह ने प्रकृति के साथ सम्मानपूर्वक जीवन जीने को पर्यावरण संरक्षण का मूल आधार बताया। उन्होंने संसाधनों के पुनर्भरण पर भी विशेष बल दिया। वजीरपुर राजकीय कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रामकेश मीणा ने विज्ञान और साहित्य को मानव जीवन का आधार बताते हुए मन की स्वच्छता को पर्यावरण स्वच्छता से जोड़ा। अग्रवाल शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष दीनदयाल गुप्ता ने कहा कि इस सेमिनार से छात्राओं को पर्यावरण के प्रति जागरूकता और संरक्षण की दिशा में गंभीर चिंतन का अवसर मिला है। महाविद्यालय सचिव बाबूलाल गुप्ता ने अध्ययन, निरीक्षण और विश्लेषण को ज्ञान का मूल तत्व बताते हुए इन्हीं आधारों पर विकास संभव बताया।

सेमिनार के दूसरे दिन दो तकनीकी सत्र आयोजित किए गए, जिनमें शोधार्थियों और शिक्षाविदों ने अपने शोध पत्र और पीपीटी प्रस्तुत किए। इनमें डॉ. विजयसिंह, डॉ. यशपाल, डॉ. नाथूलाल सिंह, डॉ. मुकेश कुमार यादव, डॉ. धर्मवीर मीणा और डॉ. पीडी सिंह रिसोर्स पर्सन रहे।

आयोजन सचिव डॉ. प्रवीण ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। आयोजन अध्यक्ष एवं प्राचार्य डॉ. बीएस गुर्जर ने बताया कि यह संस्थान की आठवीं राष्ट्रीय सेमिनार है। उद्देश्य छात्राओं का सर्वांगीण विकास कर उन्हें करियर उन्मुख बनाना है। कार्यक्रम के दौरान संस्थान पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य तथा स्टाफ मौजूद रहे।

## चिकित्सालय का औचक निरीक्षण

**डीग/भरतपुर**, (निसं)। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विजय सिंघल ने गुरुवार को राजकीय जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में साढ़े 9 बजे भी टीकाकरण का कार्य शुरू नहीं किए जाने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए चिकित्सालय प्रभारी डॉ गजेंद्र पाल सिंह को टीकाकरण कार्य में लापरवाही बरतने के लिए टीकाकरण के लिए नियुक्त कार्मिक के खिलाफ कार्रवाई कर अवगत कराने के निर्देश दिए।

सीएमएचओ डॉ सिंघल ने चिकित्सालय की भर्ती वार्ड, प्रसव कक्ष, ओ पी डी, ओ टी, लैब,दवा वितरण काउंटरों का निरीक्षण किया। भर्ती वार्ड के निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ सिंघल ने रोगियों को मिल रही सुविधाओ के बारे में जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों और चिकित्सा कार्मिकों से लोगो को मुख्यमंत्री निशुल्क जांच और दवा योजनाओं का लाभ देते बेहतर चिकित्सा सुविधाए उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चिकित्सा सुविधाओं में लापरवाही बरतने वाले चिकित्सा कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जावेगी।

# गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम सम्पन्न

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। भारत विकास परिषद शाखा हिण्डौन द्वारा आशीष मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकंडरी विद्यालय में गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम उत्साह और गरिमा के साथ सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गुरुजनों का सम्मान करना तथा विद्यार्थियों में संस्कार, कृतज्ञता और प्रेरणा का संचार करना रहा।

शाखा अध्यक्ष उपेन्द्र गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा किगुरु और माता-पिता का सम्मान जीवन का सबसे बड़ा संस्कार है। उनके मार्गदर्शन को आदरपूर्वक स्वीकार करने से ही जीवन सफल बनता है।उन्होंने गुरुओं से अपेक्षा की कि वे मित्रवत भाव से छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें चरित्रवान व योग्य नागरिक बनाने की दिशा में कार्य करें।गतिविधि संयोजक संस्कार अशोक गुप्ता ने भारत विकास परिषद की गतिविधियों और उद्देश्यों का परिचय कराया। वहीं संस्कृत सप्ताह प्रकल्प प्रभारी आरती बिन्दल ने उपस्थित जनों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम के अंत में



भारत विकास परिषद हिण्डौन शाखा द्वारा गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

प्रांतीय प्रकल्प प्रभारी भारत को जानो पंकज जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में चार उत्कृष्ट शिक्षकों -बृजेश नागर, ललित सोनी, आशा मेहरा और सीमा गुप्ताका सम्मान किया गया। साथ ही चार मेधावी छात्र-छात्राओं -रुचि जोशी (कक्षा 11), आशी जिंदल (कक्षा 8), भूमित यादव (कक्षा 7) और राधिका अग्रवाल (कक्षा 6)का भी अभिनंदन किया गया।

गुरुवंदन-छात्र अभिनंदन प्रकल्प प्रभारी हुकुम गुर्जर, योगेश बरगमा, पूनम जैन सहित 1150 से अधिक छात्र-छात्राएँ, गुरुजन एवं अतिथिगण कार्यक्रम में ससम्मान उपस्थित रहे। सभी के सहयोग एवं उत्साहपूर्ण सहभागिता से यह प्रेरणादायी आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

## बाल विवाह की रोकथाम की शपथ दिलाई

**भरतपुर**, (निसं)। बाल अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 भरतपुर द्वारा बाल अधिकार सप्ताह के तहत गाँव-बसेरी उच्चौन में बच्चो के सुरक्षित भविष्य हेतु अभिभावकों को द्वारा बाल विवाह की रोकथाम लिए शपथ दिलाई गई।

जिला बाल संरक्षण इकाई एव बाल अधिकारिता विभाग भरतपुर के सहायक निदेशक अमित अवस्थी ने चाइल्ड हेल्पलाइन कोऑर्डिनेटर प्रेमराज परनामी के नेतृत्व में बाल अधिकार सप्ताह के अंतर्गत बाल अधिकार, बाल सुरक्षा, बाल विवाह, बाल शोषण, बाल श्रम आदि के अनेक मुद्दों पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।चाइल्ड हेल्पलाइन सुपरवाइजर शंकरदयाल ने बताया की सुरक्षा व संरक्षण के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे की उचित देखभाल, सुरक्षा व संरक्षण देना हमारा सबका प्रथम कर्तव्य है तथा कोई भी बच्चा शिक्षा से अछूता न रहे एवम् कहीं भी बच्चे के अधिकार का हनन नहीं होना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा बालविवाह के विरुद्ध आवाज उठाए, 1098 पर कॉल करें।

## अन्नकूट प्रसादी 2 दिसम्बर को

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। 108 फुटिया हनुमान गौशाला दौलतपुर के तत्वावधान में अन्नकूट महोत्सव 2 दिसम्बर को सुबह 11.30 बजे से दोपहर तीन बजे तक किया जायेगा। व्यवस्थापक राजेन्द्र नरूका ने क्षैत्र के सभी गौ प्रेमियो से अन्नकूट महाप्रसादी में सपरिवार इष्ट मित्रों सहित पधारने का आग्रह किया है।

## सार-समाचार

### चारा भंडारण का लोकार्पण

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। नहर रोड स्थित गोपाल गोशाला में राजस्थान सरकार गोपालन विभाग के गौशाला विकास योजनांतर्गत निर्मित चारा भंडारण गृह के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, अध्यक्षता सभापति नगरपरिषद शिवरतन अग्रवाल ने की। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में उप जिला कलेक्टर एवं आयुक्त विजेन्द्र मीना,संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग डॉ. राजीव गर्ग, पूर्व पालिकाध्यक्ष गीता देवी नरूका, भाजपा जिला महामंत्री विनोद अटल,शहर मण्डल अध्यक्ष मिथलेश व्यास,गोपाल गौशाला के अध्यक्ष विजय गोयल, समाजसेवी राधेश्याम विजयवर्गीय रहे। गोपाल गोशाला समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा सभी अतिथियों को माला साफा एवं तस्वीर भेंट कर स्वागत किया गया। चारा भंडारण गृह का लोकार्पण भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर एवं नगरपरिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल के द्वारा शिला पट्टिका का अनावरण एवं फीता काट कर किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं पशुपालन राज्य मंत्री जवाहर सिंह बैढ़म का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार गाय एवं गौशालाओं की हर संभव मदद कर रही है। अध्यक्षता कर रहे नगरपरिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल ने अपने व्यक्तत्व में कहा कि गौमाता में तैंतीस कोटि देवी देवताओं का वास है। जिस घर में गाय होती है, वहाँ का वातावरण अत्यंत पवित्र होता है। गाय हमारी संस्कृति का हिस्सा है। उप जिला कलेक्टर एवं आयुक्त विजेन्द्र मीना एवं संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग के डॉ. राजीव गर्ग ने कहा कि उनके विभाग से जो भी संबंधित मदद होगी वो गौशालाओं को निरंतर मिलती रहेगी। चारा भंडारण बनने से गौशाला को गायों के लिए चारा भरने में मदद मिलेगी। गोपाल गौशाला के अध्यक्ष विजय गोयल ने गौशाला की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी एवं गोपालन विभाग के साथ नगर परिषद का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन राजेंद्र कुसुम ने किया। चारा भंडारण के लोकार्पण समारोह में पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. योगेश शर्मा, पूनम सिंधी, कृपाशंकर उपाध्याय, ओमप्रकाश पीएनबी, इंद्रदेव गुप्ता, ओमप्रकाश साबुन वाले, समाजसेवी विक्की गुप्ता, भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष महेंद्र दीक्षित, डॉ राहुल गुप्ता, गोविंदनारायण शर्मा, पार्षद वेदप्रकाश शर्मा, रायदयाल डांगुर सहित गौशालाओं के प्रतिनिधी, समाजसेवी व्यापारी, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, नगरपरिषद के सम्माननीय पार्षद, नगर परिषद के अधिकारी, कार्मिक एवं आमजन उपस्थित रहे।

### दल को कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी

**करौली**, (निसं)। भारत स्काउट गाइड की 19 वी राष्ट्रीय जमूरी के लिए दल को किया रवाना जिला कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया संस्था के कार्यक्रम प्रभारी मनोज शर्मा ने बताया की इस साल राष्ट्रीय जमूरी का आयोजन लखनऊ उत्तरप्रदेश में किया जा रहा है नि:शब्द विद्यालय एकट बोधठााम गाइड के दल को जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सी ओ स्काउट अनिल गुप्ता एवं सहायक निदेशक सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग बबलू शर्मा ने कलेक्टर को स्काउट का स्कार्प पहनाकर स्वागत किया कलेक्टर ने कहा की स्काउट से जुड़कर अनुशासन और सेवा कार्यो को बारीकी से समझा जा सकता है स्काउट गाइड हर मानवता के कार्य मे देश सेवा के जज़्बे से ओतप्रोत रहते हैं सेवा कार्यो में हमेशा आगे खड़े मिलते हैं साथ ही सफल आयोजन की शुभकामनाएं देते हुए सराहनीय प्रदर्शन करने के बात कही राष्ट्रीय जमूरी में देश भर से लगभग बत्तीस हजार स्काउट गाइड भाग ले रहे है जिनमे 8 गाइड नि:शब्द विद्यालय की मूक बधिर बालिकाए सहभागिता करेंगी बालिकाओ के साथ विशेष अध्यापिका भावना शर्मा, भाषा प्रशिक्षक कोमल चारण मौजूद रहेगी राष्ट्रीय कार्यक्रम में जिले से स्पेशल बालिकाओ के दल का भाग लेना गौरव की बात है नि:शब्द विद्यालय के स्कॉउट का दल 2017 में मैसूर, (कर्नाटक) एवं 2023 में रोहट (पाली) राजस्थान में सहभागिता कर चुका है गाइड का दल तीन दिन जयपुर के जगतपुरा स्थित स्कॉउट गाइड प्रशिक्षण केंद्र पर जम्बूरी की प्रतियोगिताओ का पूर्व अभ्यास करेगा और 22 नबम्बर को स्पेशल रेल से लखनऊ निकलेगा गौरतलब हैं की राजस्थान 1998 से अब तक आयोजित सभी राष्ट्रीय जम्बुरियो में प्रथम स्थान प्राप्त कर विजय पताका अपने नाम करता रहा है इस बार राष्ट्रीय जम्बूरी का का उद्घाटन 24 नवम्बर को लखनऊ में देश के प्रधानमंत्री नरेंद मोदी करेंगे जिसमे भारत के अलावा सार्क देशों के लगभग 1000 स्काउट गाइड बालक बालिका सहभागिता करेंगे।

### बाल संरक्षण सप्ताह का समापन

**करौली**, (निसं)। जिला प्रशासन एवं एक्शनएड-यूनिसेफ करौली के संयुक्त तत्वावधान में जिले में राष्ट्रीय बाल दिवस 14 नवंबर से अंतर्राष्ट्रीय बाल दिवस 20 नवंबर 2025 तक बाल संरक्षण सप्ताह के रूप में मनाया गया। एक्शनएड-यूनिसेफ जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने एक्शनएड एसोसिएशन के क्षेत्रीय प्रबंधक सिओन किंगोरी के निर्देशन में बाल संरक्षण सप्ताह का संचालन किया गया जिसका उद्देश्य बच्चों को शिक्षा, पोषण ओर सुरक्षा को लेकर बच्चों एवं आमजन में जागरूकता फैलाना रहा। सप्ताह के तहत प्रतिदिन जिलेभर में विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किये जिसमे हर दिन 30 से अधिक जागरूकता कार्यक्रम किये गये। पूरे सप्ताह में करीब 215 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें करीब 2174 बच्चों, अभिभावकों एवं लोगों तक बाल संरक्षण मुद्दों को लेकर पहुंच बनाकर बाल संरक्षण हेतु प्रेरित किया गया। आज अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस पर राजकीय कन्या महाविद्यालय करौली में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बाल कल्याण समिति सदस्य फरीदा शाह ने बाल विवाह के दुष्परिणाम एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की जानकारी दी। चाइल्ड हेल्पलाइन प्रभारी भीकम सिंह के द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं बाल अधिकारों के बारे में जानकारी दी। महिला अधिकारिता विभाग की सीमा चतुर्वेदी के द्वारा गुड टच एवं बेड टच, आभा से देवेंद्र सिंह के द्वारा बाल विवाह रोकथाम, सहयोग सेवा संस्थान हेमराज माली के द्वारा बाल श्रम, बाल संरक्षण पर प्रकाश डाला बाल संरक्षण सप्ताह को समापन की ओर ले जाते हुए कॉलेज प्राचार्य जमुनालाल मीना के द्वारा कार्यक्रम को समापन करते हुए सभी को धन्यवाद ज्ञापन किया तथा कार्यक्रम में कन्या महाविद्यालय समस्त स्टाफ, कैस वर्कर हीरालाल, आवास प्रभारी देवीशंकर तथा महाविद्यालय की बालिकाओं की भागीदारी रही। बाल संरक्षण सप्ताह में कोरो फैलो, माय भारत स्वयंसेवक, विभागों के कार्मिक एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित आमजन द्वारा भरपूर सहयोग किया गया।

# भगवान भरोसे चल रहा जिला अस्पताल

**करौली**, (निसं)। करौली मंडरायल सड़क मार्ग पर रडगमा ताल के पास स्थित जिला अस्पताल में कार्यरत चिकित्सकों के अलावा नर्सिंग अधीक्षक के निर्धारित समय से पूर्व ही अस्पताल से गायब होने से जिला अस्पताल भगवान भरोसा चलता पाया।

- **निर्धारित समय से पूर्व ही डॉक्टर अस्पताल से मिले नदारद**

सरकार ने भले ही चिकित्सको का ड्यूटी पर आने और जाने का समय प्रात: 9 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक अस्पताल में बैठने और रोगियों का उपचार करने के लिए निर्धारित कर रखा हो लेकिन यहां जिला मुख्यालय के मंडरायल रोड पर जिला अस्पताल के चिकित्सकों के जिला मुख्यालय पर चिकित्सा विभाग के अलावा जिला प्रशासन की नाक के नीचे स्थित जिला अस्पताल के हाल बेहाल देखने जा रहे हैं जहां चिकित्सकों का ना तो प्रात: समय पर आने का और दोपहर बाद जाने का कोई समय ही निर्धारित नहीं है जब मर्जी उठकर चल देते हैं या फिर इधर-उधर छिपकईया लेते रहते हैं जिससे रोगियों को चिकित्सा सुविधा समय पर नहीं मिल पाती है ना ही निशुल्क उपचार की सुविधा मिल पाती है अंत में रोगियों को इन्हीं चिकित्सकों के घरों पर फीस देकर बीमारी दिखाने के लिए विवश होना पड़ता है और इन्हीं के आवासों पर चल रही जांच लैबों पर महंगे दागों में जांच कराने और इन्हीं के आवासों पर चल रहे मेडिकल स्टोर से महंगे दामों पर दवाई खरीदने के लिए रोगियों को विवश होते देखे जा रहे हैं बुधवार को संवाददाता ने दोपहर 1:30 बजे के करीब जिला अस्पताल पहुंचकर चिकित्सकों के कक्षो पर जाकर देखा गया तो उनके चैंबरों में कुर्सियां खाली देखी गई जिनको कैमरा में कैद किया इसी प्रकार नर्सिंग अधीक्षक के चेंबर में देखने को तो पांच कुर्सियां लग रही थी लेकिन सभी खाली पड़ी मिली जिनको भी कैमरा में कैद किया उधर वार्ड में जाकर चिकित्सकों की तलाश की गई तो अधिकांश चिकित्सक वार्डो से भी नदारत पाए गए उधर चिकित्सकों के नदारत रहने से रोगी उपचार के लिए इधर-उधर भटकते देखे गए इस मामले में जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रामकेश मीणा का कहना है कि पूर्व में भी ऐसी लापरवाही के लिए चिकित्सकों को नोटिस दिए गए और जांच करेंगे और चिकित्सकों को निर्धारित समय तक अस्पताल में ड्यूटी पर रहने के लिए पाबंद करेंगे।

# बाजार व आम रास्तों को अतिक्रमण से मुक्त कराने की मांग

**डीग/भरतपुर**, (निसं)। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष श्वेता यादव एवं कांग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष भगवान सिंह कोली के संयुक्त नेतृत्व में गुरुवार को जिला कलेक्टर उत्सव कौशल को ज्ञापन देकर डीग शहर के बाजारों और आम रास्तों को अतिक्रमणों से मुक्त कराने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि डीग शहर के बीचोबीच स्थित रियासत कालीन मेला मैदान में कुछ दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखा है। जिसके चलते यहां प्रत्येक सप्ताह लगने वाले सोमवार बाजार में दुकानें लगाने वाले व्यापारियों को वह आमजन को खासी परेशानी का सामना करना पड रहा है ।शहर के मुख्य बाजार में लक्ष्मणमंदिर के चारों ओर दुकान दारो ने अपनी दुकानों के आगे 10 से 15 फुट आम रास्ते की भूमि पर पक्के निर्माण कर तथा चबूतरे और तख्त रख कर अतिक्रमण कर लिए है जिससे लोगों का रास्ता निकलना मुश्किल हो रहा है। शहर के मुख्य बाजारों में दुकानदारों द्वारा गंदे पानी की निकासी के लिए वनी नालियों को पाट कर के अतिक्रमण कर चबूतरे और सीढ़ियों का निर्माण कर अतिक्रमण कर रखे है।


कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अतिक्रमण हटवाने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया।

जिसके चलते सफाई कर्मचारियों नालियों की सफाई करना मुश्किल हो रहा है। लोहा मंडी और घंटा घर से राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल वाली गली में तो अतिक्रमणों के कारण वाहनों का निकलना तो दूर लोगों का पैदल निकलना मुश्किल हो रहा है। नई सड़क जिसकी सड़क की चौड़ाई पहले शहर के मुख्य बाजार जितनी थी लेकिन अतिक्रमणों के चलते उसकी चौड़ाई अब घट कर आधी से भी कम रह गई है।ज्ञापन में जिला कलेक्टर से मांग की गई है कि शहर में सार्वजनिक भूमि पर आम रास्तों में किए गए सभी स्थाई और अस्थाई अतिक्रमणों को हटावाया जाए और अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में वह अतिक्रमण करने का दुस्साहस ना कर सके। इस मौके पर राजेश कठेरा, अखिलेश फौजदार, राजू जाटव, दिनेश मोनी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 'घर की धर्मशाला नहीं है सरकारी भूमि है अतिक्रमण हटाओ'

**करौली**, (निसं)। ग्राम पंचायत अतेवा सरपंच द्वारा सरकारी सिवाचक भूमि पर किए गए अतिक्रमण को प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए मौके पर पहुंचे हल्का पटवारी नायब तहसीलदार मुनिराज मीणा ने ग्राम पंचायत सरपंच अमरचंद बैरवा से स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह घर की धर्मशाला नहीं है सरकार की भूमि है शीघ्र अतिक्रमण को हटाओ इसी मौके पर नायब तहसीलदार ने हल्का पटवारी को ग्राम पंचायत सरपंच के लिए नोटिस देने के निर्देश दिए।

अतेवा के ग्रामीणों ने गत दिनों जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर ग्राम पंचायत सरपंच के द्वारा सरकार की सिवाचक भूमि पर अतिक्रमण कर लोगों को महंगे दामो में पट्टा जारी कर दिया। यही नहीं उन्होंने ज्ञापन में यह भी बताया कि पूर्व में तत्कालीन ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा बनाए गए सामुदायिक भवन को तोड़कर ग्राम पंचायत सरपंच अमरचंद बैरवा ने मकान बना लिया और सरकार की राशि से बनाए गए शौचालय को तोड़कर दुकान बना ली जी शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिला कलेक्टर ने नायब तहसीलदार कैला देवी को मौके पर भेज कर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए जिन निर्देशों के अनुसार नायब तहसीलदार मुनिराज मीना हल्का पटवारी के साथ मौके पर पहुंचे जहां पर उन्होंने सरकार की सिवाचक भूमि पर सरपंच का कब्जा देखकर नायब तहसीलदार के पैरों नीचे से जमीन खिसक गई और ग्राम पंचायत सरपंच को मौके पर बुलाकर सख्त निर्देश दिए की यह कोई घर की धर्मशाला नहीं है कि सरकार की भूमि पर अतिक्रमण कर लें इसे तुरंत हटाया जाए ग्राम पंचायत सरपंच ने जमीन के कुछ दस्तावेज नायब तहसीलदार को दिखाए गए जिस पर नायब तहसीलदार ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह सब कागज ऑफिस में लेकर आना लेकिन आज की तारीख में यह सरकार की सिवाचाक भूमि है जिससे अतिक्रमण हटाया जाए सरपंच और नायब तहसीलदार में अतिक्रमण को लेकर आपस में काफी नोक झोंक भी हुई।

अंत में नायब तहसीलदार ने स्पष्ट शब्दों में कह दिया कि पहले अतिक्रमण हटाओ और हल्का पटवारी को मौके पर ही तहसीलदार सरपंच के लिए नोटिस देने के निर्देश दिए।